Instructions Bulletin for the operation failure of the Month of April-May– 2024

No. IB/ETC/GZB/2023–24/12

1. - केस स्टडी -1

दिनांक	लोको न० / शेड	गाड़ी न०	मंडल
10.04.2024	43628/VTA(D)+ 31097/AQ (डेड)	BCN/DUK	दिल्ली
UOR/फेलियर विवरण	दिनांक : 10.04.2024 को लोको स० 43628/VTA(D) + 31097/AQ (डेड) गाड़ी स० BCN/DUK के लोको के हैण्ड ब्रेक लगी स्थिति में गाड़ी को चलने के सम्बन्ध में I		
लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	दिनांक : 10.04.2024 को लोको स० 43628/VTA(D) + 31097/AQ (डेड) गाड़ी स० BCN/DUK ने समय 20:20 पर MOY स्टेशन को पास किया I MOY के स्टेशन मास्टर ने VHF द्वारा सूचना दी की लोको कि पिछली बोगी से स्पार्किंग दिखाई दे रही रही है जिसके बाद SHDM स्टेशन पर गाड़ी को खड़ा किया गया जांच करने लोको पायलट ने व्हील न० 2 के हैण्ड ब्रेक का रिलीज न होना पाया जिसे रिलीज करने के बाद गाड़ी का प्रस्थान 21:25 मिनट पर हुआ I		
TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाहीलोको	स्टेबल लोको को इनरजाइज करते समय हैण्ड ब्रेक को रिलीज करना न भूले या गाड़ी से काटने के बाद LPS/LP द्वारा हैण्ड ब्रेक का लगना या रिलीज होना ENSURE करे साथ ही लॉग बुक में दर्ज करना न भूले I जिससे की आने वाला LP लोको की जाँच के समय उसको आवश्यकतानुसार रिलीज/अप्लाई कर सके I LP/LPS की जिम्मेदारी बनती है की वह लोको के ब्रेक की जांच व रिलीज होने के उपरान्त ही गाड़ी/इंजन का प्रस्थान करे I		
गलत कार्य -	लोको का चार्ज देने वाले तथा चार्ज लेने वाले लोको पायलट/ शंटर को चाहिए था की गाड़ी चलने से पहले हैण्ड ब्रेक/ पार्किंग ब्रेक का रिलीज होना अवश्य सुनिश्चित करे I		

2.. - केस स्टडी -2

दिनांक	लोको न० / शेड	गाड़ी न०	मंडल
08.04.2024	22267/BSL	11077	दिल्ली
UOR/फेलियर विवरण	दिनांक : 08.04.2024 को लोको स० 22267/BSL गाड़ी स० 11077 के लोको के फेलियर के सम्बन्ध में I		
लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	दिनांक : 08.04.2024 को लोको स० 22267/BSL गाड़ी स० 11077 समय 01:36 मिनट पर स्टेशन TRR पर लोको पायलट द्वारा नाच लेते समय दूसरी नाच के बाद ऑटो रिग्रेशन हो रहा था I LP ने TLC/NDLS को सूचित किया TLC के निर्देश पर लोको पायलट ने CTF,J & रिले Q-50 की जाँच करने पर सबको सामान्य पाया जिसके बाद रिले रिले Q-51 को भी वैज किया परन्तु सफलता नहीं मिली जिसके बाद समय 01:55 मिनट पर लोको का फेल घोषित किया गया और समय 02:54 पर रिलीफ इंजन अटैच करने बाद गाड़ी का प्रस्थान हुआ I लोको की जांच करने पर पता चला की कैब -1 की ओर से नाच प्रॉपर आ रही है परन्तु CAB-2 से दूसरी नाच के बाद ऑटो रिग्रेशन हो रहा है स्विच ZSMS की पोजीशन (सील तोड़कर) '0' से '1' पर करने के बाद BPP द्वारा नाच आ रही थी I MP के एक रोलर और इंटर लॉक के ठीक से नहीं लगने के कारण उपरोक्त समस्या हो रही थी I		
TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही	**EEC के द्वारा नाच लेना –** ➢ MP को 'N" पोजीशन पर रखेंगे I ➢ ZSMS स्विच '1' पोजीशन पर रखेंगे ऐसा करने प यह VE-1, 2 का रास्ता MP (+, -) पोजीशन से काटकर BPP/BPR से जोड़ देगा I ➢ रिले Q-51 और रिले Q-52 डीइनरजाइज होनी चाहिए I ➢ रिले Q-50 इनरजाइज होनी चाहिए I		

	➢ ZSMGR का हैंडल '6' बजे की पोजीशन में होना चाहिए और उसकी नॉब उपर की और होनी चाहिए। ➢ SMGR प्रेशर 2.5 से 3.8 Kg/cm² होना चाहिए। यदि EEC द्वारा भी नाच ना आये तो GR का मैन्युअल कन्ट्रोल करके ब्लाक सेक्शन साफ़ करना चाहिए।
गलत कार्य -	**यदि लोको पायलट ने EEC करने की कोशिश की होती तो लोको फेलियर टाला जा सकता था।**

3.. - केस स्टडी - 3.

दिनांक	लोको न० / शेड	गाड़ी न०	मंडल
10.04.2024	37660 /BGKT	19701	दिल्ली
UOR/फेलियर विवरण	दिनांक : 10.04.2024 को लोको स० 37660 /BGKT गाड़ी स० 19701 के लोको के फेलियर के सम्बन्ध में।		
लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	दिनांक : 10.04.2024 को लोको स० 37660 /BGKT गाड़ी स० 19701 का चार्ज लेने के बाद समय 04:10 मिनट पर RE-KIP सेक्शन के बीच न्यूट्रल सेक्शन पास करते ही फाल्ट कोड F09 02P1 का मैसेज DDS पर आया जिसकी सूचना TC/NDLS को दी गयी। TLC के अनुसार लोको पायलट ने MCB- 100, 112.1 & 110 को चैक किया परन्तु सफलता नहीं मिली जिसके बाद LP ने रनिंग स्थिति में ही VCB खोलकर MCB – 100 को रिसेट किया परन्तु सफलता नहीं मिली। LP ने फाल्ट को एक्नालेज किया फाल्ट के साथ ही गाड़ी कार्य किया। PTRD पहुचने के बाद समय 04:27 मिनट पर पुन: बैटरी वोल्टेज Too Low का सन्देश फाल्ट कोड F09 02P1 के साथ आया तत्पश्चात TC/NDLS के आदेशनुसार LP ने BUR-3 को MCB 127.22/3 के द्वारा आइसोलेट किया परन्तु उसके बाद कन्ट्रोल इलेक्ट्रॉनिक्स ऑन नहीं हुयी। समय 04:40 मिनट पर लोको को फेल घोषित किया गया और रिलीफ इंजन 49259 अटैच होकर समय 06:06 मिन्य पर स्टेशन PTRD से गाड़ी का प्रस्थान हुआ।		
TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही	**बैटरी चार्जर के कार्य न करने पर की जाने वाली कार्यवाही -** 1. HB-2 में MCB 100 को चैक करे यदि ट्रिप है तो VCB खोलकर रिसेट करे। 2. BPFA को दबाकर फाल्ट को Acknowledge करे। 3. सामान्य रूप से गाड़ी कार्य करे। 4. यदि MCB 100 बार-बार ट्रिप होती है तो आग्जलरी कन्वर्टर -3 को आइसोलेट करे (अब बैटरी चार्जर आग्जलरी कन्वर्टर -2 पर शिफ्ट हो जायेगा) गाड़ी कार्य करे। 5. यदि MCB सामान्य है और VCB की बंद हालत में UBA वोल्टेज अधिक बताता है तो VCB खोले यह बैटरी चार्जिंग का संकेत है मैसेज को न मानते हुए ट्रैक्शन चालू रखे। यदि बैटरी चार्ज नहीं हो रही है तो ब्लाक सेक्शन क्लीयर करके TLC को सूचित करे (बैटरी वोल्टेज 86 वोल्ट होने तक गाड़ी कार्य किया जा सकता है)		
गलत कार्य -	पूर्वरत कार्यरत लोको पायलट को चार्ज लेने वाले लोको पायलट को इस दोष के सम्बन्ध में जानकारी देनी चाहिए थी एवं चार्ज लेने वाले लोको पायलट को चार्ज लेते समय DDS में सभी सब सिस्टम के कार्यरत होने की तसल्ली करनी चाहिए थी। उपरोक्त कार्य कार्य करने में दोनों ही लोको पायलट असफल रहे जिस कारण उपरोक्त गाड़ी को अनावश्यक समय हानि और लोको फेलियर हुआ।		

4.. - केस स्टडी - 4.

दिनांक	लोको न० / शेड	गाड़ी न०	मंडल
11.04.2024	लीडिंग 43402+33991 (ANGL) ट्रेलिंग 27689 (JHS)	MTSS+PDLL	दिल्ली
UOR/फेलियर विवरण	दिनांक : 11.04.2024 को पुश पुल ऑपरेशन में लगे लोको स० लीडिंग 43402+33991 (ANGL) ट्रेलिंग MTSS+PDLL (JHS) गाड़ी स० MTSS+PDLL को हुयी अनावश्यक डिटेंशन के सम्बन्ध में।		
लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	दिनांक : 11.04.2024 को पुश पुल ऑपरेशन में लगे लोको स० लीडिंग 43402+33991 (ANGL) ट्रेलिंग MTSS+PDLL (JHS) गाड़ी स० MTSS+PDLL कचार्ज आउटगोइंग लोको पायलट ने लिया लीडिंग लोको के LP ने CC/TKD को समय 21:01 मिनट पर बताया की AFI 50-60 PSI पर है और BP प्रेशर 4.9 kg/cm² से अधिक नहीं बढ़ रहा है जिस कारण नाच नहीं आ रही है जिसके बाद TC/NDLS के आदेशानुसार A-9 हैंडल को रिलीज पोजीशन पर किया गया और BP 5.0 4.9 kg/cm² हुआ और AFI की नीडल भी 40 PSI पर आ गयी जिसके बाद गाड़ी का प्रस्थान समय 21:08 मिनट पर हुआ।		
TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही	नियमानुसार गाड़ी में लीकेज की जाँच करे।		
गलत कार्य -	**लोको पायलट द्वारा नियमानुसार गाड़ी में लीकेज की जाँच नहीं की गयी।**		

5. - केस स्टडी -5

दिनांक	लोको न० / शेड	गाड़ी न०	मंडल
05.04.2024	30294 / GZB	14033	फिरोजपुर
UOR/फेलियर विवरण	दिनांक : 05.04.2024 को लोको स० 30294 / GZB गाड़ी स० 14033 को अनावश्यक हुयी समय हानि के सम्बन्ध में।		
लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	दिनांक : 05.04.2024 को लोको स० 30294 / GZB गाड़ी स० 14033 का प्रस्थान समय 02:50 मिनट पर JRC स्टेशन से हुआ। समय 03:10 मिनट पर लोको पायलट ने रिपोर्ट किया की JRC स्टेशन को पास करते ही अचानक BP प्रेशर ड्राप हो जाने के कारण फाल्ट मैसेज F1002P1 (low MR PRESSURE) के साथ गाड़ी खड़ी हो गयी। जिसके बाद ALP द्वारा गाड़ी को चैक किया गया परन्तु गाड़ी एवं लोको में कहीं भी लीकेज नही पायी गयी। समय 03:20 मिनट पर लिखित मेमो के द्वारा रिलीफ इंजन की मांग की गयी। समय 03:25 मिनट पर रिल्लेज इंजन 33351 /KGJY की व्यवस्था ट्रैफिक कंट्रोलर द्वारा की गयी उसी समय CLI महोदय को इंजन पर पहुचने को कहा गया गया। निरिक्षण के बाद पता चला की VCD एप्लाइड होने के कारण प्रेशर ड्राप हुआ है। सिमुलेशन मोड में VCD समान्य कामकर रही थी परन्तु बजर कार्यरत नहीं था। जिसके बाद समय 03:45 मिनट पर स्विच न० 237.1 को '0' पोजीशन पर करने से सफलता मिल गयी तत्पश्चात ट्रैफिक कंट्रोलर को लोको फिटनेस देकर समय 04:18 मिनट पर गाड़ी का प्रस्थान हुआ और ब्लाक सेक्शन साफ़ हुआ।		
TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही	**लोको पायलट को चाहिए की सर्व प्रथम अचानक BP गिरने की स्थिति में गाड़ी व लोको में लीकेज न मिलने पर BP प्रेशर न बनने की कार्यवाही करे – चूँकि उपरोक्त स्थिति में सबसे पहले BP ड्राप होने के साथ-साथ VCD से सम्बंधित फाल्ट मैसेज आया परन्तु शीघ ही MR प्रेशर ड्राप होने के कारण अन्य फाल्ट कोड मैसेज के साथ DDS पर आ गया जिसने**		

	पुराने फाल्ट कोड को ओवेलैंप कर दिया। इस स्थिति में लोको पायलट इंटरनल फाल्ट को DDS के माध्यम से अवश्य चैक करे। VCD ऑपरेट हो जाने पर की जाने वाली कार्यवाही – 1. थ्रोटल को '0' पर लाये। 2. A-9 को इमरजेंसी पर रखे जिससे MR ड्राप नहीं होगा। 3. 120 सेकंड इंतज़ार करे। 4. अब चालक डेस्क पर A पैनल पर लगे बटन BPVR को दबाये LSVW का बुझना तथा बजर का बंद होना सुनिश्चित करे। नोट - CCB युक्त वाले लोको में BPVR को 32 सेकंड के बाद दबाये उसमे VCD रिसेट का समय 32 सेकंड है। 5. विजीलेंस पैडल स्विच को एक बार दबाकर छोड़ दे। 6. BPFA को दबाये। 7. पेनल्टी ब्रेक रिसेट करने के बाद A-9 हैंडल को Run पर रखे और BP प्रेशर 5.0 Kg/cm² होना देखे। 8. यदि सफलता न मिले तो कन्ट्रोल इलेक्ट्रॉनिक्स को VCU रिसेट पुश बटन द्वारा रिसेट करे , यदि VCU रिसेट पुश बटन नहीं लगा है या सफलता न मिलने पर BL key द्वारा CE OFF/ON करे करके पैंटो उठाये VCB क्लोज करे यदि सब सामान्य है तो गाड़ी कार्य करे। **अगर लोको पायलट के सतर्क होने के बाद भी विजीलेंस ब्रेक लगती है तो इसका मतलब या तो -** 1. VCD ख़राब हो गयी है या LP साइड का VCD Acknowledge करने वाला पैडल स्विच ख़राब है TLC के आदेशानुसार CE को ऑफ करे SB-1 में लगे विजिलेंस कट आउट स्विच 237.1 को '0' पर करके विजीलेंस डिवाइस को आइसोलेट कर दे। 2. CE को ऑन करे पैंटो उठाये, VCB क्लोज करे और विजिलेंस डिवाइस के आइसोलेटेड स्थिति में सतर्कतापूर्वक ट्रैक्शन चालू करे।
गलत कार्य -	गाड़ी का क्रू फाल्ट को सही से समझने में असमर्थ रहा जिस कारण दोष दूर करने में अतिरिक्त समय लगा और उस गाड़ी के अलावा अन्य गाडियों की भी अनावश्यक समय हानि हुयी।

6. - केस स्टडी -6

दिनांक	लोको न० / शेड	गाड़ी न०	मंडल
07.05.2024	27210/GD	01028	लखनऊ
UOR/फेलियर विवरण	दिनांक : 07.05.24 को लोको स० 27210/GD गाड़ी स० 01028 को हुयी समयहानि के सम्बन्ध में।		
लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	दिनांक : 07.05.24 को लोको स० 27210/GD गाड़ी स० 01028 को आउटगोइंग लोको पायलट ने TLC/LKO को सूचना दी कि TLC/PRYJ ने लोको परमिट करने से मना कर दिया है। क्योंकि आफ्टर कूलर का ड्रेन कॉक टूटा हुआ है जिसमे गुल्ली ठुकी है। बाद में पता चला की दिनांक 06.05.2024 को CRO होने के कारण आफ्टर कूलर का ड्रेन कॉक टूट गया था जिसकी सूचना TLC/LKO को नहीं दी गयी थी। जिस कारण गाड़ी को अनावश्यक रूप से 70 मिनट की समयहानि हुयी।		
TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही	इनकमिंग लोको पायलट को TLC/PRC लखनऊ को CRO होने के उपरांत आफ्टर कूलर के ड्रेन कॉक के टूटने की सूचना समय पर देनी चाहिए थी। जिससे TLC/PRC/लखनऊ सेक्शन कंट्रोलर को सूचना देकर रिलीफ इंजन की व्यवस्था करके उचित क्रू बदली स्टेशन पर लोको चेंज करने की व्यवस्था करते और खराबी वाले लोको को होम शेड या नजदीकी शेड में भेजने की व्यवस्था की जाती।		

गलत कार्य -	इनकमिंग लोको पायलट की लापरवाही एवं जाने वाले लोको पायलट को चार्ज लेते समय TLC/PRC.LKO को समय से न बताना तथा TLC/PRYJ द्वारा मना करने के बाद TLC/LKO को सूचित करना, दोनों की लापरवाही को दर्शाता है जिसके कारण यात्री गाड़ी को 70 मिनट का अनावश्यक विलम्ब हुआ।

7. केस स्टडी -7

दिनांक	लोको न० / शेड	गाड़ी न०	मंडल
05.05.24	22699/DLTB(WAP-4)	22456	दिल्ली
UOR/फेलियर विवरण	दिनांक : 05.05.24 को लोको स० 22699/P-4/DLTB गाड़ी स० 22456 को हुई समयहानि के सम्बन्ध में।		
लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	दिनांक : 05.05.24 को लोको स० 22699/P-4/DLTB गाड़ी स० 22456 का UMB से 18:56 बजे पर प्रस्थान हुआ। जिसके बाद NUR-HUK सेक्शन के बीच न्यूट्रल सेक्शन पास करने के बाद SIV not PICK UP के फाल्ट मैसेज के साथ समय 21:09 बजे पर गाड़ी खड़ी हो गयी। जिसके बाद फ्यूज CCINV मेल्ट होने के कारण बदल दिया गया परन्तु सफलता नहीं मिली जिसके बाद लोको पायलट ने HOBA को ऑफ करके 5 मिनट बाद पुन: ऑन किया परन्तु सफलता नहीं मिली तत्पश्चात रिले QSVM को वैज किया गया जिसके बाद सफलता मिलने पर समय 22:00 बजे गाड़ी का प्रस्थान हुआ।		
TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही	**VCB बंद है परंतु स्टेटिक कनवर्टर कार्य नहीं करता -** 1. CCINV तथा CCA फ्यूज की जांच करें यदि गल गया हो तो बदल दें यदि दुबारा गल जाये तो HOBAको ऑफ करके बदलें। यदि अब भी फ्यूज गल जाये तो TLC से बात करें। 2. BLVMT की बंद हालत में रिले QSVM की जांच करें, यदि QSVM डीइनरजाइज हो तो इनरजाइज हालत में वेज करें। इसे वेज करने के बाद जब भी VCB बंद करें पहले BLVMT स्विच को बंद पोजीशन में ही रखें। 3. BL key को 2 से 3 बार चलायें। 4. रिले QV-60 के इंटरलॉक साफ करें। 5. HOBAको ऑफ करके कोशिश कीजिये। 6. रिसेट पुश बटन को दबाकर कोशिश कीजिये। यदि सफलता न मिले या रिसेट पुश बटन न हो तो IP कटआउट कॉक को बंद करके ZPT को '0' पर करें तथा HBA को पोजीशन '0' पर करके 10 सैकिंड से थोड़ा ज्यादा इंतजार करके पुनः '1' पर करके पैंटो उठाकर VCB बंद कर कोशिश करें। 7. सफलता न मिले तो पिछली कैब से कोशिश करें। 8. अन्यथा TLC से बात करें।		
गलत कार्य–	लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही उचित न होने के कारण ब्लाक सेक्शन में गाड़ी का अनावश्यक विलबंन हुआ।		

8. केस स्टडी – 8

दिनांक	लोको न० / शेड	गाड़ी न०	मंडल
10.05.24	28701/KJGY(डेड) +33927/BJU	14304	दिल्ली
UOR/फेलियर विवरण	दिनांक : 10.05.24 को लोको स० 28701/KJGY(डेड) +33927/BJU गाड़ी स० 14304 के लोको के फेलियर के सम्बन्ध में ।		
लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	दिनांक : 10.05.24 को लोको 28701/KJGY(डेड) +33927/BJU गाड़ी स० 14304 का समय 23:58 मिनट पर दिल्ली स्टेशन से प्रस्थान हुआ । DSA स्टेशन को पार करते समय लोको पायलट ने महसूस किया की गाड़ी जाम चल रही है अगले स्टॉप पर लोको पायलट ने जाँच की तो पाया की डेड लोको के बोगी न० 2 के चक्के जाम है जिसे रिलीज करने पर सफलता नहीं मिली । जिसके बाद 30 kmph की स्पीड से ब्लाक सेक्शन साफ़ करके गाड़ी को SBB स्टेशन पर रोका गया । जिसके बाद लोको पायलट द्वारा डेड लोको को इनरजाइज करके लोको ब्रेक को रिलीज किया गया तत्पश्चात पुन: डेड किया गया । जिसके बाद गाड़ी को स्टार्टर सिग्नल से चलने के पश्चात Abnormal आवाज आने के कारण गाड़ी को खड़ा किया गया और आदेशानुसार SBB स्टेशन पर पुश बैक किया गया । समय 01: 50 मिनट पर डैड लोको को डीटेच किया गया और SBB में लाइन न० 1 पर स्टेबल किया गया जिसके बाद समय 02:15 मिनट पर SBB स्टेशन से गाड़ी का प्रस्थान हुआ ।		
सामन्य / सहायक नियमानुसार / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही	-- आजादी क 1. कन्वेंशनल लोको को डेड बनाने का तरीका:– • DJ खोले, ZPT को '0' पर करके पैंटो लोअर करे, IP कॉक को बंद करे व HBA को '0' पर करके लोको को डेड करें तथा BL Key, ZPT, MPJ की चाभियाँ निकाल लें व वर्किंग लोको को डेड लोको के ऊपर लगाये । • डेड लोको का पूरा MR प्रेशर ड्रेन कर दे व सभी ड्रेन कॉक को बन्द कर दें । • डेड लोको के दोनों कैब में A-9 व SA-9 को रिलीज स्थिति में रखे और सुनिश्चित करे कि लोको ब्रेक पूरी तरह से रिलीज हो गये हैं । • दोनों कैब में A-9 व SA-9 के सभी कट आउट कॉक बन्द करें । • डेड लोको का L&T कॉक बन्द व MU_2B को ट्रेल पर करें । • यदि डेड लोको के लोको ब्रेक रिलीज अवस्था में नही है तो उन्हें रिलीज करने के लिए निम्न कार्यवाही करें । ➢ DV के कन्ट्रोल प्रेशर को रिलीज हैंडल द्वारा मेन्युली ऑपरेट करके रिलीज कर दें जिससे प्रेशर वैट होल से निकल जायेगा और लोको ब्रेक रिलीज हो जायेंगें । ➢ यदि ब्रेक सिलिंडर लाइन में अब भी ब्रेक सिलिंडर प्रेशर बच गया है तो दोनों बोगी में लगे बोगी आइसोलेटिंग कॉक को बन्द करके BC प्रेशर को रिलीज होने के बाद बोगी आइसोलेटिंग कॉक को नार्मल कर दें । कन्वेंशनल लोको के डेड मूवमेंट का तरीका:– ➢ यदि MR, BC इकवालीजिंग पाइप उपलब्ध हैं, तो डेड लोको व वर्किंग लोको के बीच पाइप कनेक्शन मल्टीपल लोको के समान करे एवं एंगल कॉक खोलें दोनों लोको में कॉक पोजीशन मल्टीपल लोको के समान करके सामान्य तरीके से काम करें । ➢ यदि MR, BC इकवालीजिंग पाइप उपलब्ध नहीं हैं, तो डेड लोको व वर्किंग लोको के बीच केवल BP, FP पाइप कपल करें एवं एंगल कॉक खोले जिससे डेड लोको का MR-4 स्वयं के DV द्वारा BP सप्लाई से चार्ज होगा । इसे डेड लोको की कैब में BP व MR गेज में चेक करें व इसकी मात्रा वर्किंग लोको के बराबर होनी चाहिए । ➢ वर्किंग लोको के A-9 से BP प्रेशर ड्राप करे एवम दोनों लोको में लोको ब्रेक का लगना तथा रिलीज करने पर रिलीज होना सुनिश्चित करें तथा सामान्य रूप से कार्य करें । ➢ लाइव लोको का A-9 अप्लाई पर करके डेड लोको में लोको ब्रेक लगना व रिलीज़ करने पर रिलीज़ होना देखें, ध्यान रहे कि लोको ब्रेक रिलीज़ होने में 1 मिनट का समय लगता है । ➢ 500 मीटर चलने के बाद डेड लोको के चक्कों के ब्रेक रिलीज़ होने की तसल्ली करें ।		
गलत कार्य :	1. लोको को डैड बनाते समय एवं अन्य लोको के साथ अटैच करते समय LPS/LP का डेड लोको का ब्रेक रिलीज होने की तसल्ली न करना । 2. गाड़ी चलाने के बाद प्रथम ब्लाक सेक्शन में लोको पायलट को गाड़ी का फ्री मूवमेंट करना सुनिश्चित करना चाहिये था		

9. - केस स्टडी – 9

दिनांक	लोको न० / शेड	गाड़ी न०	मंडल
27.05.2024	30519/TKD	12414	दिल्ली
UOR/फेलियर विवरण	दिनांक : 27.05.2024 को लोको स० 30519 / TKD गाड़ी स० 12414 को अनावश्यक हुयी समय हानि के सम्बन्ध में।		
लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	दिनांक : 27.05.2024 को लोको स० 30519 / TKD गाड़ी स० 12414 का आगमन समय 03:48 मिनट पर दिल्ली स्टेशन के PF- 3 पर हुआ। सामान्यत: यह गाड़ी 22 कोच की होने के कारण इसका अंतिम वैगन न्यूट्रल सेक्शन के नीचे खड़ा होता है परन्तु घटना के दिन इस गाड़ी में 21 कोच थे। पॉइंट्स मेन द्वारा भी लोको पायलट को गाड़ी को 22 कोच के हिसाब से खड़ी करने को कहा गया। 03:52 मिनट पर गाड़ी का चार्ज LPS/DLI को दिया। समय 03:55 मिनट पर लोको गाड़ी से डीटेच किया गया तो पॉइंट्स मेन ने सूचित किया की गाड़ी प्रॉपर प्लेस नहीं हुयी है जिस कारण गाड़ी के दूसरे छोर पर इंजन अटैच करते समय वो न्यूट्रल सेक्शन के नीचे आ रहा था जिस कारण अटैच नहीं हो पाया। जिसके बाद इंजन को पुन: अटैच किया गया और गाड़ी को बैक करने के लिए कहा गया परन्तु वैगन जाम थे जिसको पॉइंट्स मेन द्वारा रिलीज किया गया तथा समय 04:15 मिनट पर गाड़ी को प्रॉपर जगह पर प्लेस किया गया। तत पश्चात 04:17 मिनट पर लोको को पुन: डीटेच किया गया और DSB एंड साइड अटैच किया गया। 4:30 मिनट पर गाड़ी का दिल्ली से प्रस्थान हुआ।		
TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही	स्पष्ट है की गाडियों को सिगनल की जड़ तक तक रोका जाना चाहिए परन्तु उक्त स्थिति में लोको पायलट को स्टेशन की भौगोलिक परिस्थिती को ध्यान में रखते हुए गाड़ी को उचित स्थान पर रोकना चाहिए।		
गलत कार्य -	उक्त स्थिति में लोको पायलट को पता था की गाड़ी में एक कोच कम है। जिस कारण लोको पायलट को चाहिए था कि स्टेशन की परिस्थिती को ध्यान में रखते हुए गाड़ी को उचित स्थान पर खड़ा करे। परन्तु उसने पता होते हुए भी पॉइंट्स मेन के कहने पर गाड़ी को 22 कोच के हिसाब से ही खड़ा किया जिस कारण गाड़ी प्रॉपर प्लेस नहीं हुयी और अतिरिक्त शंटिंग मूवमेंट के कारण गाड़ी को अनवांछित समय हानि हुयी।		

(श्री वीरेंदर कुमार)
मुख्य लोको निरीक्षक
वि.प्र.के./गा.बाद

सरताश 24.6.2024
(सरताश कुमार)
(प्रधानाचार्य/वि.प्र.के./गा.बाद.)

पत्र स० 232-विद्युत/वि.प्र.के./ट्रेनिंग-1 **दिनांक – 24.06.2024**

प्रतिलिपि :-

1. मुख्य विद्युत लोको अभियंता/उत्तर रेलवे, बड़ौदा हाऊस, नई दिल्ली- सादर सूचनार्थ।
2. मुख्य विद्युत अभियंता/मोबिलिटी, उत्तर रेलवे, बड़ौदा हाऊस, नई दिल्ली- सादर सूचनार्थ।
3. वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/परिचालन/नई दिल्ली, लखनऊ - सादर सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतू।
4. वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/कर्षण वितरण/मुरादाबाद, फिरोजपुर, अंबाला- सादर सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतू।